

02

बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का किया आयोजन

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

नगर निगम ने नुक्कड़ नाटक कर वायु प्रदूषण के खिलाफ लोगों को जागरूक

04



नई दिल्ली, पृष्ठ-04,बुधवार, 30 मार्च, 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

शक संवत 1943, चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, मूल्य 2.00 रुपए


# बंजर भूमि हरित कार्यक्रम आयोजित

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ द्वारा मंगलवार को अलग-अलग तीन स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सबसे पहले एक बंजर भूमि को हरित भूमि में परिवर्तित ग्राम मलेरना में सरकारी मिडिल स्कूल में बंजर भूमि को हरित भूमि में तो दूसरा कार्यक्रम अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की छात्रा नेहा सैनी ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर आयोजित हुआ जबकि तीसरे कार्यक्रम में अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने श्याम सुंदर मंगला एंड कंपनी एलएलपी, फरीदाबाद के सहयोग से वाणिज्य और लेखा में करियर के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया। तीनों कार्यक्रम प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित हुए।



गांव मलेरना में उन्नत भारत के तहत पौधारोपण करते हुए ।

उन्नत भारत अभियान सेल और वाईआरसी द्वारा संचालित किया गया । उन्होंने 4000 वर्ग फीट क्षेत्र में घास लगाकर स्कूल की बंजर भूमि को हरा भरा बनाए रखने के कार्य का नेतृत्व किया और यूबीए और वाईआरसी की पूरी टीम को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रा नेहा सैनी ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।